# जल जीवन मिशन सम्बन्धी कार्यों तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

उपरोक्त विषयक दिनांक 03.10.2025 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय, मथुरा द्वारा जल जीवन मिशन सम्बन्धी कार्यों तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षा की गई। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/अभियन्ताओं/फर्म प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. श्री राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
2. श्री दिनेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मथुरा– (सदस्य सचिव)
3. श्री राजीव कुमार सिंह सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
4. श्री अशोक ठाकुर, पी0एम0 पी0एम0 पैकेज–I, एन0सी0सी0 – एपको (जे0वी0), मथुरा।
5. श्री मोहित सिंह जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, मेधज टैक्नो कॉन्सेप्ट, मथुरा।
6. श्री दिलीप शर्मा, डी0पी0एम0, मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा क्लस्टर, मथुरा।

समीक्षा के दौरान सर्वप्रथम अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा पिछली बैठक की अनुपालन आख्या एवं वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद मथुरा में सतही स्त्रोत आधारित पेयजल योजनाओं के कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, कार्यों की प्रगति रिपोर्ट निम्नानुसार है –

**पैकेज–01 की प्रगति**

| S.N. | Activity Name | Duration | QTY | Progress as per timeline (Dated 03.10.2025) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achievement |
| 1 | Supply of MS pipes | TARGET | 55.900 KM | 100% | 90% |
| | | ACHIEVEMENT | 52.50 KM | | |
| 2 | Supply of DI pipes | TARGET | 1178 KM | 100% | 80% |
| | | ACHIEVEMENT | 935 KM | | |
| 3 | Sedimentation tank at Palra (23000KL) | TARGET | 1 Nos | 100% | 75% |
| | | ACHIEVEMENT | WIP | | |
| 4 | Water Treatment Plant( 188.50 MLD) | TARGET | 1 Nos | 100% | 32% |
| | | ACHIEVEMENT | WIP | | |
| 5 | Clear water Reservior & Pump House | TARGET | 8 Nos | 100% | 30% |
| | | ACHIEVEMENT | 7 -WIP | | |
| 6 | Laying , Joiniting , Testing & Road Restoration work for Clear Water Rising Mains | TARGET | 1178 KM | 100% | 50% |
| | | ACHIEVEMENT | 590 KM | | |
| 7 | Laying , Joiniting , Testing & Road Restoration work for Gravity MS Pipe | TARGET | 55.90 KM | 100% | 7% |
| | | ACHIEVEMENT | 4.00 KM | | |

<u>पैकेज–02 की प्रगति</u>

| S.N. | Activity Name | Duration | QTY | Progress as per timeline (Dated 03.10.2025) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achievement |
| 1 | Construction of Over Head Tanks along with RTU Room | TARGET | 214 | 100% | 25% |
| | | ACHIEVEMENT (WIP) | 182 | | |
| 2 | Distribution System & Related work . | TARGET | 4566 | 90% | 61% |
| | | ACHIEVEMENT | 2785 | | |

तत्पश्चात अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा प्रस्तुत किए गये पुनरीक्षित कार्य योजना के अनुसार कम्पोनेंटवार कार्य स्थल पर आवश्यक/उपलब्ध श्रमिकों की संख्या का पैकेजवार विवरण निम्नानुसार है –

**Package- 01**

| Component | Required | Available |
|---|---|---|
| Intake | 100 | 50 |
| WTP | 300 | 180 |
| Risingmain | 350 | 150 |
| Gravity main | 150 | 100 |
| CWR | 250 | 80 |
| **Total** | **1150** | **560** |

**Package- 02**

| Component | Required | Available |
|---|---|---|
| OHT | 1070 | 480 |
| Distribution | 300 | 220 |
| FHTC/Road Reinstatement | 600 | 250 |
| **Total** | **1970** | **950** |

- मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा कार्यों की प्रगति अनुबन्धित टाइमलाइन/फर्म द्वारा प्रस्तुत पुनरीक्षित कार्य योजना से पीछे होने के कारण निर्माणकर्ता फर्म मै0 एन0सी0सी0–एपको (जे0वी0) को नोटिस/चेतावनी पत्र निर्गत करने एवं राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को पत्र प्रेषित करने हेतु पत्रावली प्रस्तुत करने हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया।
- बैठक में निर्देश दिए गये कि प्रस्तुत योजना की धीमी प्रगति, उपलब्ध श्रमिकों की संख्या, सितम्बर 2025 माह से पूर्व लम्बित N.C.R. को समय से Close न करने सम्बन्धी बिन्दुओं का उल्लेख करते हुए फर्म के ऊपर Liqudity damage अध्यारोपित किये जाने की संस्तुति की जाए।
- महरौली व जोनाई में निर्मित किए जा रहे अवर जलाशयों के कार्यों पर लगाई गई एन0सी0आर0 के विवरण का उल्लेख भी राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित किए जाने वाले पत्र में किया जाए।
- विकास खण्ड नौहझील व मांट में कराये जा रहे आईबीपीएस, अवर जलाशय व जल शोधन संयंत्र के निर्माण कार्यों के औचक निरीक्षण करने, कार्यों के फोटोग्राफ व वीडियो उपलब्ध कराये

जाने व श्रमिकों की संख्या का सत्यापन करने के निर्देश अधिशासी अभियन्ता जल निगम को दिये गये।

- मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिए गये कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिन ग्रामों में पाइप लाइन बिछाये जाने के कार्य किये गये हैं, उन ग्रामों की सड़क मरम्मत की वस्तुस्थिति के सम्बन्ध में ग्राम पंचायतवार आख्या प्रस्तुत करने हेतु जिला पंचायतराज अधिकारी को पत्र प्रेषित किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया।
- अन्त में निर्देश दिए गये कि दोनों पैकेजों में निर्माणाधीन कार्यों पर समानान्तर कार्य करते हुए श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए प्रगति बढ़ा ली जाए।

अनुमोदित

मुख्य विकास अधिकारी
मथुरा

Digitally signed by
Dinesh Kumar
Date: 13-10-2025
13:54:36

अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
मथुरा।

पत्रांक / जल जीवन मिशन / दिनांक

**प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय मथुरा।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय मथुरा।
3. अपर जिलाधिकारी महोदय, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
4. मुख्य अभियन्ता(आ0क्षे0)/अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय/अधिशासी अभियन्ता (वि0यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।

**प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

5. जिला पंचायतराज अधिकारी, मथुरा को इस आशय से प्रेषित कि बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा दिए गये निर्देशों के अनुपालन हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करें।
6. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इन्जीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. प्रोजेक्ट मैंनेजर, मै0 एन0सी0—एपको (जे0वी0) (पैकेज—। एवं ।।), मथुरा को इस निर्देश के साथ कि अनुपालन आख्या 03 दिवस में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
8. डी0पी0एम0 मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा कलस्टर, मथुरा/जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 (मेधज टैक्नॉ, प्रा0लि0) मथुरा/जनपद मथुरा में कार्यरत आई0एस0ए0 संस्थाएं।

अधिशासी अभियन्ता